भारत सरकार

गृह मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3675

दिनांक 10.12.2019/ 19 अग्रहायण, 1941 (शक) को उत्तर के लिए

सीएपीएफ की अतिरिक्त बटालियन

†3675. श्री रमेश चन्द्र माझीः
श्रीमती मंजुलता मंडलः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि ओडिशा सरकार ने राज्य के वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) प्रभावित क्षेत्रों में केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) की दो अतिरिक्त बटालियनों को शामिल करने हेतु केन्द्र सरकार से अनुरोध किया है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जी किशन रेड्डी)

(क) और (ख): ओडिशा सरकार ने वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों में तैनाती के लिए केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की दो अतिरिक्त बटालियनों के लिए अनुरोध किया है। वर्तमान में, ओडिशा में वामपंथी उग्रवाद-रोधी अभियानों में राज्य पुलिस की सहायता करने के लिए सीआरपीएफ की 08 बटालियनें, बीएसएफ की 08 बटालियनें और कोबरा की 01 बटालियन तैनात हैं। वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों में केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की तैनाती एक गतिशील प्रक्रिया है, जो परिस्थिति, बलों की उपलब्धता और अन्य जमीनी वास्तविकताओं पर आधारित है।

****